# छींकने वाला गधा

वैल बिरो



# छींकने वाला गधा

वैल बिरो





टॉम, डिक और हैरी तीनों आलसी लड़के थे.


वे लालची भी थे.

"घर में खाने के लिए कुछ भी नहीं है!" उनके पिता ने कहा.

"जाओ और कोई नौकरी ढूंढो, टॉम! तभी हम कुछ खाना खरीद पाएंगे."



फिर टॉम नौकरी की तलाश में निकला.



"आओ और मेरे यहाँ काम करो," श्रीमती निकली ने कहा.



टॉम ने उनके यहाँ एक साल और एक दिन काम किया.
फिर श्रीमती निकली ने उसे एक मेज दी.

"जब तुम्हें भूखे लगे तो कहना, "मेज़ खाना दो, खाना दो!"
फिर मेज़ तुम्हें अच्छा खाना देगी," श्रीमती निकली ने
टॉम से कहा.




फिर टॉम अपने घर की ओर चला. उसने खुद को थका हुआ महसूस किया, इसलिए वो शाम को एक सराय में रुक गया.



"मुझे भूख लगी है!" टॉम ने कहा. "मेज़ खाना दो, खाना दो!"



तुरंत मेज़ स्वादिष्ट भोजन से भर गई.
टॉम स्टूल पर बैठ गया और उसने खाना शुरू किया.



लेकिन उस रात, जादू की मेज गायब हो गई. चोर सराय वाले ने जादुई मेज़ को एक साधारण मेज़ से बदल दिया!





जब टॉम घर पहुंचा तो उसने जादुई शब्द कहे:
"मेज़ खाना दो, खाना दो!"
लेकिन कुछ भी नहीं हुआ.

"तुम एकदम मूर्ख हो, टॉम!" पिता और भाई उस पर चिल्लाए.




फिर अगले डिक नौकरी की तलाश में निकला .

"आओ और मेरे यहाँ काम करो," श्रीमती निकली ने कहा.

डिक ने एक साल और एक दिन काम किया.

फिर श्रीमती निकली ने डिक को एक गधा दिया.

"जब तुम्हें पैसों की ज़रूरत हो, तो कहना, "छींक गधे, छींक!" फिर गधा तुम्हें वो देगा जो तुम्हें चाहिए," श्रीमती निकली ने डिक से कहा.






फिर डिक अपने घर की ओर वापिस चला.
उसे कुछ थकान महसूस हुई इसलिए वो
एक सराय में रुक गया.

"मुझे अभी एडवांस में पैसे चाहिए," सराय वाले ने कहा.
फिर डिक ने कहा, "छींक गधे, छींक!"




डिक ने इतने सारे पैसे पहले कभी नहीं देखे थे.



लेकिन उस रात, उसका जादुई गधा गायब हो गया. चोर सराय वाले ने डिक के जादुई गधे को एक साधारण गधे से बदल दिया!



जब डिक घर पहुंचा, तो उसने जादुई शब्द कहे:

"छींक गधे, छींक!"

लेकिन कुछ भी नहीं हुआ.




"तुम मूर्ख हो, डिक!" उसके पिता और भाई चिल्लाए.



इसलिए तब तीसरे भाई हैरी को नौकरी की तलाश में जाना पड़ा.
"आओ और मेरे यहाँ काम करो," श्रीमती निकली ने कहा.
हैरी ने एक साल और एक दिन काम किया.
फिर श्रीमती निकली ने हैरी को एक छड़ी दी.

"जब कोई तुम्हें नुकसान पहुंचाए, तो कहना,
"मार छड़ी, मार!" फिर छड़ी तुम्हारे दुश्मन को
मारकर हरा देगी," श्रीमती निकली ने हैरी से कहा.



हैरी, छड़ी को सराय में लेकर गया.

हैरी ने जादुई शब्द बोले:

"मार छड़ी, मार!"




जादुई छड़ी ने बोरी से छलांग लगाई और सराय वाले को पीटना शुरू किया:

मार! मार! मार!

"बचाओ! बचाओ! बचाओ!" सराय वाला चिल्लाया. "छड़ी की मार बंद करो! मैं तुम्हारा सब कुछ वापस लौटा दूंगा!"



फिर हैरी ने जादुई मेज ली,
जादुई गधा, और जादुई छड़ी भी ली.
फिर वो सराय छोड़कर घर की ओर चला.




जब हैरी घर पहुंचा तो उसने जादुई शब्द कहे:
"मेज़ खाना दो, खाना दो!"



फिर उसने कहा, "छींक गधे, छींक!"

लेकिन हैरी ने यह नहीं कहा "मार छड़ी, मार!"



समाप्त